तत् त्वं पूषन् अपावृणु
केन्द्रीय विद्यालय संगठन

# केन्द्रीय विद्यालय, पोरबन्दर

## मासिक पत्रिका - **नवंबर** माह, 2023


बिरला रोड, पोरबन्दर - 360576
गुजरात
Website : porbander.kvs.ac.in
E-mail - kvpbr@yahoo.co.in
Vidyalaya office - 0286-299[illegible]101


भारत 2023 INDIA



**केन्द्रीय विद्यालय, पोरबंदर**

**नवम्बर माह ई-पत्रिका 2023**

**संपादक मंडल**

**मुख्य संरक्षक**

**श्रीमती श्रुति भार्गव**
उपायुक्त
के.वि.सं. (क्षेत्रीय कार्यालय)
अहमदाबाद संभाग
(गुजरात)

**श्री के. डी. लाखाणी (आई.ए.एस.)**
कलेक्टर एवं जिलाधिकारी
&
अध्यक्ष, विद्यालय प्रबंधन समिति)
केन्द्रीय विद्यालय, पोरबंदर

**संरक्षक -**

**श्रीमती मीना जोशी**
सहायक आयुक्त
के.वि.सं. (क्षेत्रीय कार्यालय)
अहमदाबाद संभाग
(गुजरात)

**श्री वेंकटेश्वर प्रसाद बी**
सहायक आयुक्त
के.वि.सं. (क्षेत्रीय कार्यालय)
अहमदाबाद संभाग
(गुजरात)

**श्री राकेश टी कांतिवाल**
प्राचार्य
केन्द्रीय विद्यालय, पोरबंदर

**संपादिका** - अंजू शर्मा (स्नातकोत्तर शिक्षिका, हिन्दी)

## संपादिका की कलम से



सुधि पाठकों !

सादर वन्दे |

केंद्रीय विद्यालय, पोरबन्दर की 'नवम्बर' माह की ई-पत्रिका का यह अंक डिजिटल रूप में प्रकाशित करते हुए अत्यंत हर्ष का अनुभव हो रहा है | साहित्य का सृजन एवं संकलन का कार्य विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में अपनी महती भूमिका का निर्वहन करता है | इस पत्रिका में माह में हुए क्रियाकलापों के चित्र एक सकारात्मक सन्देश देने के साथ ही साथ अग्रिम माह में और अधिक चेतना व स्फूर्ति से कार्य करने की ऊर्जा का संचार करते हैं | मैं यही संदेश आपको देना चाहूँगी -

"राह संघर्ष की जो चलता है,
वो ही संसार को बदलता है,
जिसने रातों से है जंग जीती,
वही सुबह सूर्य बनकर चमकता है |
मंज़िलें उन्हें नहीं मिलती, जिनके ख्वाब बड़े होते हैं,
बल्कि मंजिलें उन्हें मिलती हैं, जो ज़िद पर अड़े होते हैं ||"

संपादिका होने के नाते अंत में, मैं उन सभी शिष्ट-विशिष्ट महानुभावों और प्रतिभाओं को अनेकानेक धन्यवाद ज्ञापित करती हूँ, जिनके प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष सहयोग के परिणाम स्वरुप ही इस पत्रिका का प्रकाशन इतने सहज और सरल तरीके से हो पाया |

इसी के साथ मैं अपनी लेखनी को विराम देती हूँ |

अंज़ू शर्मा
स्नातकोत्तर शिक्षिका (हिंदी)

जय हिन्द - जय हिन्दी

## नवम्बर माह क्रियाकलाप


| क्रम संख्या | क्रियाकलाप का नाम |
|---|---|
| 1. | भारतीय भाषा उत्सव |
| 2. | फिट इंडिया कार्यक्रम |
| 3. | बाल दिवस समारोह |
| 4. | ध्वज दिवस - स्काउट-गाइड |
| 5. | संविधान दिवस |
| 6. | जनजातीय गौरव दिवस |
| 7. | राज्य स्तरीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी |
| 8. | दीपोत्सव |
| 9. | फिट इंडिया सेल्फी पॉइंट |
| 10. | स्वच्छता अभियान |
| 11. | एस. जी. एफ. आई. में चयन |




## भारतीय भाषा उत्सव























विद्यालय में 'भारतीय भाषा उत्सव' के अंतर्गत गणित, जीवनमूल्य, मेरा विद्यालय व विभिन्न विषयों के संबंध में विद्यार्थियों के विचारों व उनकी प्रतिभाओं को प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान किया गया |

# फिट इंडिया कार्यक्रम







केंद्रीय विद्यालय पोरबन्दर में 'फिट इंडिया कार्यक्रम' के अंतर्गत विद्यार्थियों के साथ स्वास्थ्य संबंधी विषयों पर चर्चा की गई | फिट इंडिया विषय पर निबंध व चित्रकला प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया | सभी शिक्षकों व विद्यार्थियों के द्वारा फिटनेस से संबंधित प्रतिज्ञा भी ली गई | इस प्रकार फिट इंडिया कार्यक्रम का आयोजन सुनियोजित रूप में हो सका |

## बाल दिवस समारोह












विद्यालय में 14 नवम्बर को चाचा नेहरु के जन्मदिवस पर प्राथमिक विभाग में 'बाल दिवस' का आयोजन किया गया जिसके अंतर्गत प्राथमिक विभाग के विद्यार्थियों के लिए फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया | विद्यार्थी नेहरु के रूप में तैयार होकर आए व उनके जीवन के विषय में बताया | चित्रकला, गीत व कविता वाचन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया | इस प्रकार ये कार्यक्रम सुनियोजित रूप में सम्पन्न हुआ |

## ध्वज दिवस - स्काउट-गाइड












विद्यालय में स्काउट एंड गाइड का 25वाँ ध्वज दिवस 7 नवम्बर को मनाया गया | इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य श्री राकेश टी कांतिवाल की अध्यक्षता में स्काउट-गाइड व कब-बुलबुल के विद्यार्थियों को ध्वज का सम्मान करने के लिए प्रेरित किया गया | अन्य कई गतिविधियों का भी आयोजन किया गया जैसे स्वच्छता अभियान, वृक्षारोपण आदि | स्काउट-गाइड के विद्यार्थियों के द्वारा विद्यालय के प्राचार्य, शिक्षकों व अन्य विद्यार्थियों को स्काउट-गाइड के झंडे व स्टिकर भी बेचे गए | इस प्रकार ध्वज दिवस को सुनियोजित रूप में मनाया गया |

## संविधान दिवस






विद्यालय में 26 नवम्बर को संविधान दिवस मनाया गया | प्रार्थना सभा में संविधान की प्रस्तावना को संकल्प के रूप में सभी ने ग्रहण किया व ऑनलाइन रूप में भी प्रतिज्ञा ली गई | प्रार्थना सभी के विशेष कार्यक्रम में संविधान से संबंधित विशेष जानकारी दी गई | विद्यार्थियों के द्वारा ऑनलाइन क्विज में भी भाग लिया गया | सामाजिक विज्ञान की शिक्षिका द्वारा अपनी कक्षा में विद्यार्थियों के साथ संविधान के विषय में चर्चा की गई व वेबिनार का भी आयोजन किया गया | इस प्रकार संविधान दिवस के कार्यक्रम सम्पन्न हुए |

# जनजातीय गौरव दिवस










विद्यालय में जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य श्री राकेश टी कांतिवाल की अध्यक्षता में कार्यक्रम सम्पन्न हुए | प्रार्थना सभा में भाषण, कविता वाचन आदि का आयोजन किया गया | विद्यार्थियों ने चित्रकला, नारा लेखन व विचित्र वेशभूषा प्रतियोगिताओं में भी भाग लिया | इस प्रकार जनजातीय गौरव दिवस से संबंधित सभी कार्यक्रम भली-भांति सम्पन्न हुए |

# राज्य स्तरीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी


















विद्यालय में राज्य स्तरीय वैज्ञानिक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों के द्वारा गणित, विज्ञान व स्वास्थ्य से संबंधित विषयों पर विभिन्न मॉडल्स व प्रोजेक्ट फाइल्स का प्रदर्शन किया गया | विद्यालय के स्नातकोत्तर शिक्षक (रसायन शास्त्र) श्री अनिल कुमार आर्य, श्री विष्णु मीना स्नातकोत्तर शिक्षक (भौतिक शास्त्र) व श्रीमती अंजू मीना स्नातकोत्तर शिक्षिका (गणित) के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों के द्वारा विभिन्न मॉडल्स व प्रोजेक्ट फाइल्स का निर्माण किया गया |

## दीपोत्सव


HAPPY
DIWALI


HAPPY
DIWALI


केन्द्रीय विद्यालय पोरबंदर
स्थापना वर्ष-1988
सुस्वागतम्
सुस्वागतम्







विद्यालय में 'आनंदवार' के अंतर्गत 'दीपोत्सव' का आयोजन किया गया, जिसके अंतर्गत विद्यार्थियों के द्वारा मिट्टी के दीपकों का निर्माण करके उन्हें सजाने का कार्य किया गया व गुजराती नववर्ष व दीपावली के लिए शुभकामना पत्रों का निर्माण किया गया | इस प्रकार विद्यार्थियों द्वारा 'दीपोत्सव' व नववर्ष का आयोजन धूमधाम पूर्वक किया गया |

# फिट इंडिया सेल्फी पॉइंट









# स्वच्छता अभियान









विद्यालय में 'स्वच्छ भारत अभियान' के तहत विद्यार्थियों द्वारा विद्यालय के परिसर की सफाई की गई | विद्यार्थियों के द्वारा कचरा एकत्र करके कचरा-पात्र में डाला गया | वृक्षों के पत्तों को एकत्र करके एक गड्ढे में डाला गया | स्वच्छ वातावरण में ही स्वस्थ रहा जा सकता है, ये बात विद्यार्थियों को समझाने का प्रयास किया गया | इस प्रकार स्वच्छता कार्य सम्पन्न हुआ |

## एस. जी. एफ. आई. में चयन









**टेबल टेनिस में एस.जी.एफ.आई. के लिए नेशनल में चयनित – नैमिष राठोड कक्षा :- ग्यारवी वाणिज्य**




# धन्यवाद